**दिनांक / Date: 18 May, 2023**

**विज्ञापन सं. / Advertisement No.: 24/2023**

**[विशुद्ध रूप से अस्थायी और संविदात्मक आधार पर / Purely on Temporary and Contractual Basis]**

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे मूल विज्ञानों में अनुसंधान और शिक्षण के लिए समर्पित एक प्रमुख संस्थान है। यह मानव संसाधन विकास मंत्रालय (अगस्त 2020 में नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया) द्वारा वर्ष 2006 में स्थापित किया गया। वर्ष 2012 में, इसे संसद के अधिनियम द्वारा राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया गया।

The Indian Institute of Science Education and Research (IISER) Pune is a premier institute dedicated to research and teaching in the basic sciences. It was established in 2006 by the Ministry of Human Resource Development (renamed Ministry of Education in August 2020). In 2012, IISER Pune was declared as an Institute of National Importance by an Act of Parliament.

संस्थान विशुद्ध रूप से अस्थायी और संविदात्मक आधार पर जैव प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित "हारनेसिंग द पोटेंशियल ऑफ़ ग्लोबल रेगुलेटर एसएटीबी1 ऍज अ नॉवल मॉलिक्यूलर टारगेट फॉर कैंसर थेरेपी युसिंग स्टेटिंस" **(परियोजना कोड: 30822610)** नामक परियोजना के अंतर्गत भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

Institute invites applications from Indian nationals for the following post purely on temporary and contractual basis under funded project titled “Harnessing the potential of global regulator SATB1 as a novel molecular target for cancer therapy using statins” (**Proj. code: 30822610**) funded by Department of Biotechnology, New Delhi:

| **पद नाम / Name of the Post** | **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता / Junior Research Fellow** |
|---|---|
| पदों की संख्या / No. of posts | 01 (One) |
| न्यूनतम शैक्षिक अर्हता / Minimum educational Qualification | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से जीवन विज्ञान में न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड के साथ विज्ञान निशणात की उपाधि एवं सीएसआईआर- नेट गेट/ डीबीटी- जेआरएफ या केंद्र सरकार के विभागों और उनकी एजेंसियों द्वारा आयोजित किसी अन्य राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा या समकक्ष का **वैध** स्कोरकार्ड।<br>M.Sc. in life sciences from a recognized university / institute with minimum 60% marks / equivalent grade **with valid** CSIR-NET GATE / DBT - JRF/ any other National Level Test |

| पद नाम / Name of the Post | कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता / Junior Research Fellow |
|---|---|
| | conducted by Central Government Departments and their agencies OR equivalent scorecard. |
| प्राथमिकता / Preference | उम्मीदवारों जिनके पास निम्नलिखित हो उनको प्राथमिकता दी जाएगी / Candidates having following will be preferred -<br>1. प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थान में किए गए थीसिस / शोध प्रबंध कार्य से और / या प्रकाशनों से प्रमाणित प्रासंगिक अनुसंधान अनुभव। Relevant research experience as evidenced from thesis / dissertation work carried out in a reputed scientific institution and/or publications.<br>2. क्वांटिटेटिव आरटी-पीसीआर, वेस्टर्न ब्लॉटिंग सहित उन्नत आणविक जीव विज्ञान तकनीकों के साथ व्यावहारिक अनुभव। Hands on experience with advanced molecular biology techniques including quantitative RT-PCR, western blotting.<br>3. पशु मॉडल, अधिमानतः माउस के साथ काम करने का अनुभव। Experience working with animal models, preferably mouse.<br>4. इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री और कॉन्फोकल माइक्रोस्कोपी में व्यावहारिक अनुभव । Practical experience in immunohistochemistry and confocal microscopy. |
| नियुक्ति का कार्यकाल / Tenure of the appointment | प्रारंभ में एक वर्ष के लिए जिसे आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है, जो परियोजना के जारी रहने और पदधारी के संतोषजनक कार्य के अधीन है।<br>Initially for a period of one year extendable for further period subject to satisfactory performance of the incumbent and continuation of the project. |
| समेकित परिलब्धियां प्रति माह / Consolidated emoluments per month | रु. / Rs. 31,000/- + 24% मकान किराया भत्ता (House Rent Allowance) |
| आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार अधिकतम आयु / Upper age limit as on last date of application | 28 वर्ष से अधिक नहीं / Not more than 28 years |

**आवेदन कैसे करें / HOW TO APPLY:**

- इच्छुक उम्मीदवार विज्ञापन के नीचे उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में को ईमेल द्वारा (पीडीएफ प्रारूप में परिवर्तित) **06 June 2023** तक **bio_app@acads.iiserpune.ac.in** पर आवेदन भेज सकते हैं। कृपया ईमेल विषय में "**Application for the Post of Junior Research Fellow and Advertisement No. 24/2023"** उल्लेख करें।
  Interested candidates should send the application by email in the prescribed format available below advertisement by email (convert into PDF Format) addressed to **bio_app@acads.iiserpune.ac.in** on or before **June 06, 2023.** Please mention "**Application for the Post of Junior Research Fellow and Advertisement No. 24/2023"** in the subject line of the email.

- चयन प्रक्रिया के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची दिनांक, समय और अन्य विवरण के साथ इस विज्ञापन के नीचे संस्थान की वेबसाइट पर डाल दी जाएगी और उम्मीदवारों को केवल ई-मेल द्वारा सूचित किया जाएगा।

  List of shortlisted candidates for selection process with date, time and other details will be put up on the institute website below this advertisement and candidates will be informed by e-mail only.

- निम्नलिखित को उचित समय पर जमा और सत्यापित किया जाएगा:
  क) आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि के समर्थन में प्रासंगिक प्रमाणपत्रों और अन्य प्रशंसापत्रों की फोटोकॉपी।
  ख) पासपोर्ट आकार की रंगीन तस्वीर।

  Following will be collected and verified at an appropriate stage:
  a) Photocopies of relevant certificates and other testimonials in support of age, educational qualifications, experiences etc.
  b) Recent passport size color photograph.

**पद के बारे में सामान्य जानकारी / विवरण**

General Information / details about the post

1. नियुक्ति अस्थायी है और परियोजना की समाप्ति पर बिना किसी सूचना या मुआवजे के स्वतः समाप्त हो जाएगी।

   The appointment is purely temporary and will terminate automatically without any notice or compensation on termination of the project.

2. नियुक्त व्यक्ति का निधीयन संस्था एवं आईआईएसईआर पुणे में नियुक्ति / अवशोषण का कोई दावा नहीं होगा।

   The appointed person shall have no claim of appointment / absorption in Funding Agency or in IISER Pune.

3. आवेदक की नियुक्ति विशेष रूप से उक्त परियोजना के लिए लागू निधीयन संस्था के नियमों और शर्तों द्वारा शासित होगी।

   The appointment of the applicant will be governed by the terms and conditions of the funding agency particularly applicable to the said project.

4. ऊपरी आयु सीमा, शैक्षिक अर्हता या अनुभव निर्धारित करने की तिथि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होगी।

   The prescribed date for determining the upper age limit, educational qualifications or experience shall be the last date for submitting applications.

5. निर्धारित शैक्षिक अर्हता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों / संस्थानों से प्राप्त होनी चाहिए।

   The prescribed educational qualification should have been obtained from recognized Universities / Institutions.

6. निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएँ / अनुभव आदि न्यूनतम हैं और उनके मात्र होने से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने को हकदार नहीं होते। यदि विज्ञापन के जवाब में प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक होगी, तो सभी उम्मीदवारों का साक्षात्कार करना सुविधाजनक या संभव नहीं होगा। परियोजना अन्वेषक, जांच समिति की सिफारिश के आधार पर विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता / अनुभव को ध्यान में रखते हुए साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की संख्या को एक उचित सीमा तक सीमित कर सकता है। अतः आवेदकों के हित में होगा कि वे आवेदन करते समय संबंधित क्षेत्र में सभी शैक्षिक अर्हताएँ एवं अनुभव का उल्लेख करें।

   The prescribed educational qualification/s and / or experience are bare minimum and mere possession of same does not entitle candidates to be called for interview. Where number of applications received in response to this advertisement is large, it may not be convenient or possible to interview all the candidates. Based on the recommendations of the Screening Committee, the Project Investigator may restrict the number of candidates to be called for the interview to a reasonable limit after taking into consideration minimum educational qualifications and experience over and above the minimum prescribed in the advertisement. Therefore, it will be in the interest of the applicants, to mention all the educational qualifications and experience in the relevant field at the time of applying.

7. चयन प्रक्रिया के दौरान आवश्यकता के आधार पर पदों की संख्या भिन्न हो सकती है।
   Number of posts may vary depending upon the requirements during the selection process.

8. आवेदक के शैक्षिक अर्हता और / या अनुभव के अनुरूप आयु में छूट पर सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के साथ विज्ञापित अर्हता और अनुभव से अधिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए विचार किया जा सकता है।

Age relaxation commensurate with educational qualification/s and / or experience/s of the applicant may be considered for candidates having qualification and experience higher than the advertised with the prior approval of the competent authority.

9. सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से प्राप्त आवेदनों के समूह के आधार पर अनुभव की आवश्यकता में छूट दी जा सकती है।

   The experience requirement may be relaxed based on the cohort of applications received, with the prior approval of the competent authority.

10. यदि कोई चयनित उम्मीदवार पदभार ग्रहण नहीं करता है या पदभार ग्रहण करने के बाद इस्तीफा देता है, तो प्रतीक्षा सूची वाले उम्मीदवारों को पद पर नियुक्त किया जा सकता है।

    In case, a selected candidate does not join or resigns after joining the post, waitlisted candidate/s may be offered the position.

11. साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं होगा।

    No TA/DA will be admissible for appearing for the interview.

12. किसी भी प्रकार की अंतरिम पूछताछ / पत्राचार / संचार पर इस मामले में विचार नहीं किया जाएगा।

    No interim enquiries / correspondence / communication of any sort will be entertained on the matter.

13. आवेदित पद के लिए राजनीतिक, या अन्यथा किसी भी रूप में प्रभाव, अयोग्यता के रूप में माना जाएगा।

    Bringing any influence, political, or otherwise, will be treated as a disqualification for the post applied for.

**कुलसचिव / Registrar**